तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 बाबा के बताए मार्ग पर चलकर ही विकसित ...





12 युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही ...




**खबर संक्षेप**

### शराब पीने की सुविधा दे रहे आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** किराना दुकान में लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बेमचा का जितेंद्र बेलदार अपने किराना दुकान के सामने आने जाने वाले लोगों को बिठाकर शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पार्टी को देखकर शराब सेवन कर रहे व्यक्ति भाग गये और वहां संचालक जितेंद्र बेलदार पिता राज कुमार बेलदार (42 वर्ष) वार्ड नं 09 बेमचा उपस्थित मिला, जिसने पूछताछ में अवैध लाभ अर्जन करने के आशय से लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 02 नग देशी मसाला शराब बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आब. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कार्रवाई जारी, 860 कट्टा धान जब्त

**महासमुंद।** जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। बीती रात एवं आज अलग अलग प्रकरण में कुल 860 कट्टा धान जब्त की गई है। तहसील सरायपाली के ग्राम चिउराकुटा में ओडिशा से अवैध रूप से परिवहन कर डंप किए गए 70 कट्टा धान को जब्त कर थाना सिंघोड़ा के सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में बीती रात कोमाखान तहसील अंतर्गत ग्राम नर्रा में 200 कट्टा धान जब्त किया गया। वहीं तहसील पिथौरा अंतर्गत ग्राम बम्हनी में गोयल ट्रेडर्स के गोदाम में 600 कट्टा धान का अवैध भंडारण पाया गया। उक्त धान को जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए मंडी सचिव को निर्देशित किया गया है। संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध आगे भी सतत एवं कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## रोष: मनरेगा के मूल स्वरूप को बदलना चाहती है भाजपा सरकार

# मनरेगा कानून में परिवर्तन को बताया अनुचित, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा 20 वर्ष पुरानी योजना मनरेगा के नाम तथा योजना के मूल स्वरूप में परिवर्तन किए जाने पर कांग्रेस द्वारा कड़ा एतराज व्यक्त करते हुए इस फैसले के विरोध में जिला मुख्यालय में आयोजित धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रतिक्रिया देते हुए छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि मनरेगा के तहत 90 प्रतिशत फंड पहले केंद्र सरकार वहन करती थी।

मनरेगा में परिवर्तन के बाद केंद्र केवल 60 प्रतिशत फंड देगा तथा 40 प्रतिशत राज्य को वहन करना होगा, राज्यों पर 30 प्रतिशत का अतिरिक्त बोझ ऐसे समय डाला गया है जब राज्यों की स्थिति पहले ही कमजोर है। ऐसे में राज्य सरकारें इस योजना के लिए फंड कहा से लाएगी, यह गंभीर प्रश्न है। जांगिड़ ने कहा ये विरोध-प्रदर्शन ना सिर्फ मनरेगा को कमजोर करने को लेकर है। बल्कि, महात्मा गांधी को लेकर जो भाजपा की विचारधारा है, उसके भी खिलाफ है। एक तरफ भाजपा ने गरीब मजदूर को मिल रहे रोजगार की गारंटी को खत्म कर दिया तो दूसरी तरफ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को हटा कर अपनी गोडसेवादी सोच को एक बार फिर उजागर किया है।

खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने मनरेगा का नाम बदलने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अब नए बदलावों के जरिए मनरेगा के मूल स्वरूप को ही खत्म करना चाहती है। खल्लारी विधायक यादव ने कहा कि महान अर्थशास्त्री और तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 2005 में यूपीए सरकार के तहत मनरेगा जैसी योजनाएं लागू की, जिसमें 100 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई और अगर समय पर काम नहीं मिलता तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी शामिल था।

कार्यक्रम को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमरजीत चावला ने भी संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा कांग्रेस शासन की एक सफल योजना है, जो ग्रामीण क्षेत्र में बेरोज़गारी दूर करने में मील का पत्थर साबित हुई है। भाजपा सरकार के पास कोई सफल योजना नहीं है, इसलिए कांग्रेस की इस सफल योजना को कमजोर स्वरूप देकर अपनी खीज साबित करने की कोशिश कर रही है। मगर हम यह होने नहीं देंगे। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया, जिसमें प्रमुख रूप से सरायपाली विधायक चातुरी नंद, जिला प्रभारी दिनेश यदु, पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, महेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मण पटेल, दाऊलाल चंद्राकर, हीरा बंजारे, गणेश शर्मा, अंकित बागबाहरा, निखिलकांत साहू, नितेंद्र बेनर्जी, अमन चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, अमर अरुण चंद्राकर, नरेंद्र सेन, भूपेंद्र ठाकुर, दुर्गा सागर आदि ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने किया तथा जिलेभर से धरना-प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे लोगों का आभार प्रदर्शन दिव्येश चंद्राकर ने किया।

### धरना प्रदर्शन के दौरान यह रहे मौजूद

धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्षगण खिलावन बघेल, ढेलू निषाद, खिलावन साहू, भूपेंद्र ठाकुर, रवि निषाद, करण सिंह दीवान, संतोष पटेल, नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी सेवन लाल चंद्राकार, मनोजकांत साहू, राजेंद्र चंद्राकर, हरदेव ढिल्लो, जसबीर ढिल्लो, प्रभारी महामंत्री गुरमीत चावला, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, नितेंद्र बेनर्जी, हर्षित चंद्राकर, सचिन गायकवाड़, राजेश सिन्हा, राजू साहू, अन्नू चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, सीटू सलूजा, गिरीश पटेल, सोनम रामटेके, तुलसी साहू, गौरव चंद्राकर, फिरोज़ मेमन, शमीम खान, शहजान पाशा, अरिन भागीरथी चंद्राकर, मेहुल सूचक, भारत सिंह ठाकुर, तबरेज खान, राहुल लालवानी, गोपी तारक, नरेंद्र जैन, देवेश शर्मा, नुकेश महंत, अनीश राजवानी, पारस सांखला, नारायण नामदेव, सागर डोंगरे, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, अनुराग चंद्राकर, जय पवार, राजा खोसा, मोती साहू, मिंदर चावला, प्रदीप चंद्राकर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जिले में आपात सेवा बेबस, डायल 112 की गाड़ियां मांग रहीं मदद







हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/पिथौरा (ग्रामीण)

'एक्के नंबर, सब्बो बर' के स्लोगन के साथ

- साढ़े तीन लाख किमी चली डायल 112 की गाड़ियां, एक साथ 4 गाड़ियां खराब

आम लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने वाली डायल 112 सेवा इन दिनों जिले में खुद मदद की गुहार लगा रही है। जिले में संचालित डायल 112 की अधिकांश गाड़ियां निर्धारित क्षमता से अधिक चलते हुए इतनी खराब हो गई है कि आपात स्थिति में समय पर मदद पहुंचाना चुनौती हो गया है।

जिले में कुल 14 डायल 112 वाहन हैं, जिनमें से अधिकांश वाहन पूरी तरह कंडम हो चुके हैं। सिटी कोतवाली, थाना बसना, भंवरपुर और तेंदूकोना की डायल 112 गाड़ियां बीते कई दिनों से खराब पड़ी हैं और पिथौरा स्थित देव ऑटो गैरेज में रिपेयरिंग के लिए खड़ी हैं। इन वाहनों के क्रमांक सीजी 03–7063, सीजी 03–7058, सीजी 03–7050 एवं सीजी 03–7053 हैं। गौरतलब है कि जिले में संचालित डायल 112 की अधिकतर गाड़ियां साढ़े तीन लाख किलोमीटर से अधिक चल चुकी हैं, जिससे इनके पुर्जे पूरी तरह जर्जर हो गए हैं। रविवार शाम को सिटी कोतवाली महासमुंद की डायल 112 गाड़ी क्रमांक सीजी 03–7053 को टोचन के जरिए देव ऑटो गैरेज पिथौरा लाया गया। इस वाहन की हालत बेहद खराब है।

डायल 112 वाहनों की खराब स्थिति का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। थाना बसना और भंवरपुर क्षेत्र में स्थानीय डायल 112 वाहन खराब होने के कारण सांकरा और सरायपाली की गाड़ियां सेवा दे रही हैं। महासमुंद नगर में सामान्यतः दो डायल 112 वाहन तैनात रहते हैं, लेकिन सिटी कोतवाली की गाड़ी खराब होने से फिलहाल सिर्फ एक ही वाहन पर पूरा नगर पालिका और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र निर्भर है। तेंदूकोना थाना क्षेत्र में पिथौरा और बागबाहरा की गाड़ियां सेवा दे रही हैं। हालांकि, थाना पिथौरा की डायल 112 गाड़ी अभी चालू हालत में है, लेकिन उसके टायर पूरी तरह घिस चुके हैं, जिससे कभी भी वाहन के पहिये थमने की आशंका बनी हुई है।


▶▶| शेष पेज 12 पर


### नए वाहनों का इंतजार

इस संबंध में डायल 112 के जिला प्रबंधक भेखलाल पटेल का कहना है कि जिले में कुल 14 डायल 112 वाहन हैं, जिनमें से चार वाहन खराब हैं। अधिकतर वाहन साढ़े तीन लाख किलोमीटर से अधिक चल चुके हैं। नए वाहनों के आने का इंतजार किया जा रहा है। फिलहाल, खराब वाहनों की रिपेयरिंग कराई जा रही है।

### नए वाहन उपलब्ध कराने की मांग

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस गंभीर स्थिति पर चिंता जताते हुए शासन-प्रशासन से तत्काल नए डायल 112 वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि आपात सेवा किसी भी जिले की सुरक्षा व्यवस्था की रीढ़ होती है और यदि वही कमजोर हो जाए तो अपराध नियंत्रण और त्वरित राहत व्यवस्था प्रभावित होना तय है। ऐसे में शासन को चाहिए कि पुराने और अत्यधिक चल चुके वाहनों को तत्काल हटाकर नई और आधुनिक सुविधाओं से लैस डायल 112 गाड़ियां जिले को उपलब्ध कराए, ताकि आमजन को भरोसेमंद आपात सेवा मिल सके।

### फूटा चना/मटर में अखाद्य रंग की मिलावट रोकने खाद्य एवं औषधि विभाग की कार्रवाई

**महासमुंद।** नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार तथा जिला अभिहित अधिकारी उमेश कुमार द्वारा जिला महासमुंद में बिक रहे फूटा चना/मटर में औरामाइन ओ अथवा अन्य अखाद्य रंगों की मिलावट न हो, यह सुनिश्चित करने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जांच कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा सरायपाली स्थित नव दुर्गा ट्रेडर्स, बागबाहरा के अंबे ट्रेडर्स एवं महासमुंद के राम चना मुर्रा उद्योग से रोस्टेड चना के खाद्य नमूने जांच के लिए संग्रहित कर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच के दौरान राम चना मुर्रा उद्योग में विक्रय के लिए रखे गए लगभग 1500 किलोग्राम रोस्टेड चना को सीज किया गया है। खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात आगामी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा इस प्रकार की निगरानी एवं कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# तीरंदाजी खेल में जिले को मिल रहीं उपलब्धियां

## जिले में अब तक बागबाहरा के 18 खिलाड़ियों ने जीते 20 राष्ट्रीय पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

45वीं एनटीपीसी जूनियर (इंडियन राउंड, कंपाउंड राउंड एवं रिकर्व राउंड) नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप का आयोजन रायपुर छत्तीसगढ़ में 22 से 30 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया है।

महासमुंद जिले के 04 खिलाड़ी कमलेश साहू पिता चंद्रशेखर साहू खोपली बागबाहरा, चांदनी साहू पिता बलदेव साहू मौलीमुडा बागबाहरा, पद्मा साहू पिता वेदराम साहू बिहाझर बागबाहरा एवं देविका साहू पिता टीकम साहू भोरिंग महासमुंद शामिल होंगे। हॉल ही में चांदनी साहू ने सीनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप महिला वर्ग के इंडियन राउंड में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में शामिल होकर रजत पदक एवं टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल कर चुकीं हैं। नेशनल गेम्स उत्तराखंड में चांदनी साहू ने 02 पदक जीतने में सफलता हासिल कर चुकीं हैं। छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा चांदनी साहू को महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव पुरस्कार प्रदान किया गया है।

पद्मा साहू ने नेशनल गेम्स उत्तराखंड में भागीदारी करने के साथ ही सब-जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप रायपुर में 03 पदक जीतने में सफलता हासिल कर चुकी हैं। इस बार जूनियर नेशनल में बेहतर प्रदर्शन करने एवं पदक जीतने की उम्मीद जताई गई हैं। वर्ष 2008 से बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा में तीरंदाजी खेल का अभ्यास डॉ. विकास अग्रवाल (पूर्व अधीक्षक बॉल आश्रम बिहाझर) के माध्यम से चलाया गया। 2008 से अब तक 18 खिलाड़ियों ने लगभग 40 से अधिक नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में भागीदारी कर 20 राष्ट्रीय पदक जीतने में सफलता हासिल किया हैं। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा खेल संसाधन उपलब्ध कराने से प्रशिक्षक में गति मिली हैं।

बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा के राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों में एवन कुमार साहू, नवलीन कौर, संजय सोनवानी, नरेश साहू, पद्मा साहू, चांदनी साहू, सत्यभामा साहू, हेमंत निषाद, तोरण यादव, नयन सिंह, जया साहू, कमलेश साहू, तृषा प्रजापति, वैशाली साहू, लक्ष्मण चंद्राकर, टुकेश, राहुल यादव, पीयूष, चांदनी साहू, पीरित राम साहू शामिल हैं, इन खिलाड़ियों में से एवन कुमार साहू ने सोनीपत हरियाणा में जूनियर इंडिया तीरंदाजी कैंप (एनआरटी) के माध्यम से चयनित हुए थे। पद्मा साहू भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) सोनीपत हरियाणा में प्रशिक्षण प्राप्त कर साऊथ कोरिया में जाकर किम हांग टक आर्चरी ट्रेंनिंग सेंटर कोरिया में कोरियन प्रशिक्षक द्वारा ट्रेंनिंग प्राप्त किया हैं। नवलीन कौर सतारा महाराष्ट्र से



प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं। संजय सोनवानी एवं राहुल यादव, सत्यम साहू, हेमंत निषाद भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) रायपुर से प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। चांदनी साहू, चांदनी, जया साहू, वैशाली साहू, जया पहाटिया, टुकेश, पीयूष, कमलेश साहू ने खेलों इंडिया एक्सीलेंसी सेंटर बहतराई बिलासपुर से प्रशिक्षण प्राप्त किए है। नरेश साहू, सत्यभामा, कुशो राम ने कोदूराम वर्मा तीरंदाजी अकादमी रायपुर से प्रशिक्षण प्राप्त किए है। जिला तीरंदाजी संघ ने राज्य संघ व खेल विभाग के मार्गदर्शन एवं सहयोग से राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन बागबाहरा में किया जा चुका हैं, जिससे जिले के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने, अच्छे प्रदर्शन करने में मदद मिली तथा नवोदित बच्चों को प्रोत्साहित करने में सफल रहे हैं।

खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग महासमुंद में वर्ष 2023 से संचालित हैं, जिसके माध्यम से खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं। एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग एवं खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर के 17 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी किया है एवं 10 पदक जीतने में सफलता हासिल किए हैं। खेलों इंडिया सेंटर भोरिंग के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में जयंत ठाकुर, नमन मांझी, योगेश नाग, टुकेश कमार, उदित नारायण भोई, दिगंबर नेताम, लिलिमा नाग, कुमुदिनी दीवान, डिंपल दीवान, रिया दीवान ने सफलता हासिल कर चुके हैं। खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर एकलव्य विद्यालय भोरिंग के खिलाड़ियों को ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर, बेहतर अभ्यास, राज्य स्तरीय/संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन, पर्याप्त संसाधन व सहयोग करने में जिला प्रशासन, खेल अधिकारी मनोज कुमार घृतलहरे, प्राचार्य एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग महेंद्र टंडन, छात्रावास अधीक्षक अंजय चौहान, रोहित श्रीवास, प्रशिक्षक हीरूराम साहू, एवन कुमार साहू, डॉ. सुनील कुमार भोई, नीलम साहू, जया साहू का सहयोग रहा।

राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, भारतीय तीरंदाजी संघ उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज कुमार घृतलहरे, छात्रावास अधीक्षक डॉ. पूर्णेंद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ बागबाहरा जिला महासमुंद के अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, रंजीत कौर, व्यायाम शिक्षक ऋषि कपूर साहू, हिरेंद्र देवांगन, डॉ. सुनील कुमार भोई, खेलों इंडिया तीरंदाजी प्रशिक्षक बिलासपुर इतवारी राज, पिरीत साहू, संजय पैकरा, रिंकल बग्गा, सोमनाथ साहू, संजय सोनवानी, बॉल आश्रम बिहाझर के समस्त खिलाड़ी एवं खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग के समस्त खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता- गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड , **भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप



## मेघ बसंत कॉलोनी में भागवत कथा 27 से

**महासमुंद।** स्थानीय मेघ बसंत कालोनी में 27 दिसंबर से 2 जनवरी तक दोपहर 2 बजे से श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसमें व्यासपीठ से आचार्य श्रीराम प्रताप शास्त्री महाराज कथा वाचन करेंगे। जल कलश यात्रा 27 को सुबह 11 बजे महामाया तालाब से निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए मेघ बसंत पहुंचेगी। जानकारी देते हुए विपिन बिहारी, सविता महंती ने बताया कि प्रथम दिवस कलश यात्रा उपरांत गौकर्ण कथा से भागवत प्रारंभ होगा। 28 को शिव सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 29 को जड़ भरत चरित्र, नरसिंग अवतार, 30 को राम कृष्ण अवतार, नंद महोत्सव, 31 को भगवान के बाललीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग होगा। 1 जनवरी को रासलीला, कृष्ण रूकमणी विवाह, 2 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा का बखान किया जाएगा।




## शुभ्रा ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 29 की पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा ने पल्स पोलियो दिवस पर कवर्धा जिले के भोरमदेव मंदिर में 10 साल से छोटे बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया। उन्होंने कहा कि पोलियो को दोबारा लौटने से रोकने के लिए सामूहिक जागरूकता और सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

## कोमाखान में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता आज

**कोमाखान।** युवा खेल संगठन के




तत्वावधान में नगर में 22 दिसंबर को रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन समरसता भवन के पास किया जा रहा है। प्रथम बार आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 20 हजार रुपए व शील्ड प्रदान किया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार 11 हजार व शील्ड, तृतीय 7 हजार व शील्ड, चतुर्थ 5 हजार व शील्ड के अलावा बेस्ट केचर को 11 सौ, बेस्ट रेडर व बेस्ट ब्लाकर को भी 11-11 सौ रुपए देने की घोषणा संगठन ने की है। साथ ही कई आकर्षक पुरस्कार भी दिया जाएगा। बहरहाल, संगठन ने इस स्पर्धा में भाग लेने इच्छुक टीम के लिये प्रवेश शुल्क 3 सौ रुपए रखा गया है। विज्ञप्ति में संगठन के पदाधिकारियों, सदस्यों ने बताया कि स्पर्धा रात्रि 8 बजे प्रारंभ होगी। यह जानकारी प्रदीप यादव, हीरेंद्र उपाध्याय ने दी ।

निधन

## जिले में आपात सेवा...

इस तरह जिले में डायल 112 सेवा की स्थिति चिंताजनक स्थिति में है। इसके अलावा डायल 112 वाहनों की जर्जर हालत से पुलिस कर्मियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती जा रही है। बे समय से लगातार खराब हो रहे वाहनों के कारण चालक और आरक्षक मानसिक दबाव में ड्यूटी करने को मजबूर हैं। कई बार आपात कॉल आने पर वाहन बीच रास्ते में ही बंद हो जाती है, जिसे धक्का देकर चालू करना पड़ रहा है, जिससे न केवल आम नागरिकों में असंतोष बढ़ रहा है, बल्कि देरी से वाहन पहुंचने के कारण पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। समय पर वाहन न पहुंच पाने की स्थिति में गंभीर घटनाओं में जान-माल की क्षति की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि इससे पहले सडक दुर्घटना में डायल 108 से पहले डायल 112 पहुंच जाती थी। लेकिन, अब डायल 112 वाहन कि स्थिति काफी दयनीय है।

# उपकार भवन में हुआ मीडिया परिसंवाद एवं पत्रकार सम्मान कार्यक्रम







**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय शाखा उपकार भवन में संस्थान के मीडिया प्रभाग के अध्यक्ष एवं इंदौर जोन के क्षेत्रीय निदेशक राजयोगी ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश की 10वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के मीडिया प्रभाग द्वारा राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर मीडिया परिसंवाद एवं पत्रकार सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें झलप, पिथौरा, बागबाहरा से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया के पत्रकारों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने अतिथियों में विशिष्ट अतिथि पीयूष तांडेय सहायक प्राध्यापक हिंदी (बागबाहरा), संध्या चंद्राकर प्रोफेसर अंबिकापुर, राजयोग शिक्षिका ब्रम्हा कुमारी तोमेश्वरी दीदी पिथौरा, रत्नेश सोनी प्रेस क्लब अध्यक्ष (महासमुंद) एवं सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु स्मृति के साथ किया गया। ब्रम्हा कुमारियों ने अतिथियों का पुष्प गुलदस्ते के साथ स्वागत और अभिवादन किया। कार्यक्रम में पधारे हुए समस्त अतिथियों और इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के सदस्यों को ईश्वरीय सौगात एवं ईश्वरीय प्रसाद वितरण किया गया। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने सभी को राष्ट्रीय मीडिया कांफ्रेंस में भाग लेने माउंट आबू चलने ईश्वरीय निमंत्रण दिया और अंत में सभी ने ओम प्रकाश भाई को श्रद्धांजलि अर्पित कर ब्रम्हा भोजन स्वीकार किया।

# राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए हुआ 7वां टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज सातवां टेस्ट का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में सातवां टेस्ट पेपर मेगा टेस्ट-2 (सी सेट) का टेस्ट हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें गणित, रीजनिंग, हिंदी व्याकरण एवं छत्तीसगढ़ी व्याकरण आदि के प्रश्न पूछे गए थे। सातवां टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 08 टेस्ट के क्रम में आठवां व अंतिम टेस्ट पेपर मेगा टेस्ट -3 का आयोजन 28 दिसंबर रविवार को (भारत का सामान्य अध्ययन एवं छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन) का टेस्ट आयोजित होगा।

### सड़क, पुल व सीसी सड़क-नाली निर्माण से बदलेगी क्षेत्र की तस्वीर

# विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 11 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक चातुरी नंद के अध्यक्षता में हुआ भूमिपूजन कार्यक्रम



विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 11 करोड़ से अधिक की लागत वाले विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया।

इन कार्यों में प्रमुख सड़कों, पुल निर्माण के साथ-साथ गांवों में सीसी सड़क सह नाली निर्माण शामिल है, जिससे आवागमन, स्वच्छता और जनसुविधाओं में व्यापक सुधार होगा। ग्राम कस्तूराबहाल में आयोजित कार्यक्रम में भूमिपूजन किए गए प्रमुख कार्यों में बांजीबहाल-कस्तूराबहाल मार्ग निर्माण के लिए 5 करोड़ 37 लाख, मानपाली-पुटका मार्ग के लिए 2.04 करोड़ एवं भूथिया-कल्लूढूडा मार्ग के लिए 1 करोड़ 14 लाख 19 हजार सहित अन्य सड़क एवं पुल पुलिया हेतु 1 करोड़ 43 लाख की स्वीकृति शामिल है। इन सड़कों और पुलों के बनने से ग्रामीण अंचलों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और किसानों, व्यापारियों व आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही ग्राम बिरकोनी में आयोजित कार्यक्रम में सांसद की आतिथ्य एवं विधायक चातुरी नंद की विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण बस्तियों में सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन किया गया।

मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना के तहत स्वीकृत कार्यों में प्रमुख रूप से सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चारभांठा में मंच से मुख्य मार्ग की ओर 38.82 लाख तथा स्कूल से महादेव घर की ओर 15.99 लाख, ग्राम जोगनीपाली में पीएमजीएसवाय रोड से रविदास के घर तक (बस्ती वार्ड क्रमांक 6) 15.91 लाख, ग्राम भुथिया में कांजी हाउस से जागेश्वर प्रधान के घर की ओर 16.48 लाख तथा ग्राम गोहेरापाली में हॉस्पिटल से टिकेश लाल के घर तक 16.05 लाख की लागत से सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों पर कुल 1 करोड़ 03 लाख 25 हजार खर्च किए जाएंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने कहा कि सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के मामले को विधानसभा में उठाया था। मामला विधानसभा में उठने के बाद लोक निर्माण विभाग की नींद खुली और हरकत में आया फिर जल्द ही प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। इसके साथ ही लगातार विभागीय मंत्री और लोक निर्माण विभाग के सचिव से पत्राचार और भेंटकर लंबित सड़कों की स्वीकृति दिलाने की मांग लगातार की जा रही थी।

# बाबा के उपदेश समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय: त्रिभुवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पचरी में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुए पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष

ग्राम पचरी में गुरु घासीदास बाबा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पचरी में प्रथम बार पूर्व सांसद स्व. ममता बाई मिनीमाता द्वारा प्रथम जय स्तंभ पर पालो चढ़ाया गया, तब से आज तक पर्यंत हर वर्ष 20 दिसंबर को जयंती का आयोजन किया जाता है, जिसे देखने आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व समाज प्रमुख त्रिभुवन महिलांग रहे। अध्यक्षता सरिता चूड़ामणि डड़सेना सरपंच ने की। मुख्य अतिथि के आगमन पर भव्य स्वागत पश्चात सभा को संबोधित करते हुए पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि पचरी में आयोजित जयंती समारोह को देखने हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों का उत्साह बाबा का संदेश मनखे-मनखे एक समान सत्य होता दिख रहा है। रात्रि में पंथी पार्टी पचरी व महिला पंथी पार्टी गुल्लू (आरंग) व छत्तीसगढ़ लोक कलाकार श्याम कुटेलिहा की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को डीईओ लहरे, रमता डे व सरपंच सरिता चूड़ामणि ने भी संबोधित किया।

इस दौरान उपसरपंच गेंदराम जोशी, रवि टंडन, रमेश मन्नाडे, रोजगार सहायक रघुराम कुर्रे, किशन गिलहरी, गजेंद्र मारकंडे, चित्रा बंजारे, राजू मारकंडे, बसंत जांगड़े, पूर्व सरपंच अर्चना मारकंडे, देवकी भाई जोशी, कुमारी टंडन, पंच देवसिंह घिरे, लाला जोशी, तुलसी टंडन, झाड़ू राम टंडन,



जोशी, शिक्षक पुरुषोत्तम डडसेना, पूर्व सरपंच देव कुमार टंडन, सरपंच प्रतिनिधि चूड़ामणि डडसेना, देव कुमार चेलक, सागर जोशी, लखन टंडन, भगवानी गिलहरे, पूर्व जनपद सदस्य हेमंत डडसेना, रेवाराम कुर्रे, पवन लहरे, उमेश डडसेना, राजेश लहरे, अनिल मारकंडे, छोटू कुर्रे, प्रीति भगत, भूषण मारकंडे, वेदराम जगदीश डडसेना, गाडाराम निषाद पंच, गोकूल जोशी, श्यामलाल रात्रे, हरिमदास महिलांग, भगत अलित लहरे, राजमहंत कुंजन दास मारकंडे सहित बड़ी संख्या में पचरी के ग्राम उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन व्याख्याता उपदेश कुमार मारकंडे व सरपंच प्रतिनिधि चूड़ामणि डड़सेना ने किया।

# केंद्रीय विद्यालय में संकुल स्तरीय मिनी स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग के अंतर्गत रायपुर संकुल का संकुल स्तरीय मिनी स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय महासमुंद, केंद्रीय क्र. 1 रायपुर पाली-1 और पाली 2, केंद्रीय विद्यालय क्र.2 रायपुर, केंद्रीय विद्यालय नया रायपुर, केंद्रीय विद्यालय सरायपाली, केंद्रीय विद्यालय कुरूद और पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय कांकेर के प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन केंद्रीय विद्यालय महासमुंद के प्राचार्य संजय कंसल द्वारा विधिवत दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कांता एक्का और खेल शिक्षक सोहन लाल साहू उपस्थित थे। शुभारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सुमधुर स्वागत गीत और मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी दलों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत करते हुए अनुशासित होकर, भाईचारे और खेल भावना के साथ खेलने का संकल्प लिया। प्रधानाध्यापिका कांता एक्का द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य संजय कंसल ने कहा कि विद्यालयीन जीवन में खेलों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि ये विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों ने बाल्टी में गेंद डालना, बल्ले से गेंद उछालना, कोन को गेंद से मारना, गेंद पैर से उछालना और कैच करना, पास एंड स्कोर और खोखो जैसे खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मैडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर और आभार प्रदर्शन नीलमाघव सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सोहन लाल साहू, ओमप्रकाश चंद्राकर, नीलमाघव सिंह, प्रभात देवांगन, जीके निर्मलकर, यादराम साहू, सूर्यकुमार, धर्मेंद्र पटेल, प्रवीण कुमार, सोनिया, मोनिका, प्रकृति, स्वाति, दीक्षा, लाकेश्वरी, भूमिका साहू, विद्यालय के कर्मचारियों और विद्यार्थियों का योगदान रहा।

## पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ



**सरायपाली।** तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ 21 दिसंबर को स्व मोहनलाल चौधरी शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं सहभागिता में किया गया। इस अवसर पर महिला जनप्रतिनिधियों ने शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान महिला जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलाएं और पोलियो उन्मूलन के इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि दो बूंद जिंदगी की हर बच्चे के स्वस्थ भविष्य की गारंटी है। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद सहित खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुणाल नायक, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे, विकासखंड कार्य प्रबंधक शीतल सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने जानकारी दी कि अभियान के अंतर्गत शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी, ताकि पोलियो को जड़ से समाप्त किया जा सके। अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की कि वे पोलियो मुक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं।

## विद्यालय के वार्षिक उत्सव समारोह में कराते का प्रदर्शन

**महासमुंद।** देव संस्कृति विद्यालय में आयोजित 25वां वर्षगांठ एवं वार्षिक उत्सव समारोह पर मास्टर नीलकंठ साहू के निर्देशन में कराते सेल्फ डिफेंस एवं शस्त्र संचालन तलवार भाला लाठी का प्रदर्शन किया। साथ ही सोनाक्षी साहू, डिम्पल गोस्वामी, सिमरन रात्रे, तुलसी बया, सिमरन बघेल, कुशाग्र गायकवाड़, प्रांजल साहू, नील बागची द्वारा वूमेंस सेल्फ डिफेंस स्पेशल टेक्निक का प्रदर्शन करते हुए सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया, जिसे देखकर दर्शकों ने खूब सराहना की। इस अवसर पर देव संस्कृति स्कूल के प्राचार्य कुबेर प्रसाद गिरी, शशि प्रभा थिटे (अध्यक्ष), दूषण लाल साहू, नंद कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, जितेन्द्र कुमार चक्रधारी, लोकेश कुमार चंद्राकर, ऋषभ साहू, अनीता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, जयश्री श्रीवास्तव, बसंती यादव, योगिता कन्नौजे, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, किरण विश्वकर्मा, सुनीता साहू, लता निषाद, भूमिका चंद्राकर, पायल चंद्राकर, तामेश्वरी महिलांग, जानकी साहू, तीक्षा चंद्राकर, कनिष्का चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, गौरी साहू, ममता प्रजापति, गायत्री साहू, शिक्षक कृष्ण कुमार साहू आदि मौजूद रहे।

# कुलिया में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह 1 जनवरी से

**कोमाखान।** पास के ग्राम कुलिया में नर्य वर्ष के पहले दिन 1 जनवरी से श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा, जो 8 जनवरी 2026 तक चलेगा। इस संबंध में आयोजक रमेश ललिता सिन्हा, ठाकुर राम लेखन देवी सिन्हा ने बताया कि संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के प्रवचन व कथावाचक पं. त्रिभुवन मिश्रा ग्राम बारूला होंगे। आगे बताया कि प्रथम दिवस जल यात्रा, गौकरण पूजा, वेदी पूजन, पश्चात कथा प्रारंभ होगी। 2 जनवरी को सती, ध्रुव व भरत चरित्र, 3 को अजामिल चरित्र, नरसिंग अवतार, 4 को समुद्र मंथन, श्रीकृष्ण जन्म उत्सव व दही लूट, 5 को श्रीकृष्ण लीला, छप्पन भोग व रूखमणि विवाह, 6 को 16 श्रृंगार, 108 रानियां की कथा व श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र, 7 को श्रीकृष्ण परस धाम, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। अंतिम दिन 8 जनवरी को गीता, हवन, कपिला तर्पण, पूर्णाहुति के बाद दोपहर एक बजे से प्रसाद का वितरण किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक होगा।



## नौनिहालों को पिलाई गई पोलियो की दवा

**बिरकोनी।** विश्व पल्स पोलियो अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 21 दिसंबर को राष्ट्रीय प्लस पोलियो कार्यक्रम दिवस मनाया गया। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को लेकर सभी की तैयारी की थी। बिरकोनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 19 गांवों में 23 बूथ लगाया गया था। अभियान के अंतर्गत दो बूंद जिंदगी की परिलक्षित किया जाने का लक्ष्य है। इस अभियान की शुरुआत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पोलियो की दवा पिला कर किया। सुबह 7 से 3 बजे तक शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चे को बूथ गतिविधियों में पोलियो की खुराक पिलाई गई। शून्य से पांच वर्ष तक के 3505 बच्चे है, जिसमें 3352 बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ में ले जाकर पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी लक्षमेंद्र सिन्हा ने बताया कि अभियान के पहले दिन रविवार को पोलियो बूथ में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाया गया तथा छूटे हुए बच्चों को 22 एवं 23 दिसंबर को घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

# बिरसिंगपाली में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत लगा सात दिवसीय विशेष शिविर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर 20 दिसबंर से 26 दिसंबर तक ग्राम बिरसिंगपाली में राज्य एनएसएस अधिकारी नीता बाजपेयी, जिला संगठक डॉक्टर मालती तिवारी व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस गचपाल के मार्गदर्शन में शिविर संयोजक प्राचार्य निमंकर पटेल, कार्यक्रम अधिकारी एसपी पटेल के नेतृत्व में लगाई जा रही है। ज्ञात हो कि भारत शासन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए व्यक्तित्व निर्माण, समाज से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष का थीम नशामुक्त समाज के लिए युवा पर आधारित है।

शिविर के द्वितीय दिवस महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला टीम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर बौद्धिक चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में खिलेश्वरी चक्रधारी जिला मिशन समन्वयक, डिगेश्वरी साहू जेंडर विशेषज्ञ, अंचल सेवई आउट रिच वर्कर, उमादेवी पटेल सुपरवाइजर उपस्थित रहे। अतिथियों ने गुड टच, बेड टच, महिलाओं से संबंधित समस्याओं, महिला बल विकास विभाग के विभिन्न गतिविधियों, जेण्डर असमानता क्या है, इसको कैसे सुधारा जाय, सुपोषण व उसका महत्व, सुकन्या समृद्धि योजना, चाइल्ड हेल्प लाइन मोबाइल नंबर, इन सब बिंदुओं पर विस्तार से स्वयंसेवकों बताया गया व जिज्ञासा को शांत किया गया। प्रत्येक दिवस योग कार्यक्रम योग शिक्षक रामप्रसाद यादव, कन्हैया लाल पटेल व परमानंद साहू द्वारा कराई जा रही है। साथ ही शिविर में परियोजना कार्य अंतर्गत शासकीय भवनों की साफ-सफाई, स्वच्छता जागरुकता अभियान, नशामुक्ति जागरुकता अभियान, मतदाता जागरुकता अभियान तालाब, निर्मला घाट, मंदिर परिसर की सफाई, प्रकृति परीक्षण, निःशुल्क जनस्वास्थ्य शिविर, जल संरक्षण, कृषि, उद्यानिकी से संबंधित जानकारी प्रदान किया जाएगा।

# रूपकुमारी के प्रयासों से महासमुंद में सड़क-पुल विकास को नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग एवं वृहद पुल परियोजनाओं से ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूती

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना वर्ष 2025-26 के तहत महासमुंद जिले में कुल 2.971 किलोमीटर लंबाई की सीमेंट कांक्रीट (सीसी) सड़क सह नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों की कुल लागत 232.89 लाख है। इस योजना के अंतर्गत चारभाठा, गोहरपाली, भुथिया, जागनपाली, धुमाभाठा, अरेकलब, पेंड्रावन, छुईहा एवं बिरकोनी सहित विभिन्न ग्रामों में आंतरिक संपर्क मार्गों का निर्माण किया जाएगा। इन सड़कों से ग्रामीण आवागमन सुगम होगा, जल निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा स्थानीय सुविधा ढांचे को स्थायित्व मिलेगा।

सांसद रूप कुमारी चौधरी की पहल के क्रम में लोक निर्माण विभाग द्वारा सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में भी वर्षों पुरानी मांगों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। सरायपाली विधानसभा अंतर्गत ग्राम कस्तूराबहाल में बाजीबहाल–कस्तूराबहाल मार्ग, मानपाली–पुटका मार्ग तथा भुथिया–कुल्लुदुडा सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इन मार्गों के निर्माण से क्षेत्र के कई गांवों की मुख्य सड़कों से सीधी कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी, जिससे आवागमन आसान होगा और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इसी क्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा दो वृहद उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन किया गया, जिनकी कुल लागत 857.80 लाख रुपए है। इनमें केरसुंडा से पथरी सड़क के आर.डी. 2750 मीटर पर 63.57 मीटर लंबा पुल, धवराभाठा से कुरुभाठ सड़क के




आर.डी. 2390 मीटर पर 121.46 मीटर लंबा वृहद पुल शामिल हैं। इन पुलों के निर्माण से वर्षा ऋतु में आवागमन बाधित होने की समस्या समाप्त होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में सालभर निर्बाध संपर्क बना रहेगा। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के अंतर्गत बकमा से कम्हेर (बीटी) सड़क नवीनीकरण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। इस मार्ग की कुल लंबाई 13.952 किलोमीटर है, जिस पर 282.42 लाख की लागत से नवीनीकरण कार्य किया जाएगा। यह सड़क क्षेत्र की प्रमुख संपर्क धमनियों में से एक है।

### विकास में कोई भेदभाव नहीं: सांसद

इस अवसर पर सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा पिछले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रदेश में लगभग सभी कार्य अवरुद्ध थे। प्रदेश में हमारी सरकार बनते ही विकास कार्यों को गति मिली। सांसद बनने के बाद चुनाव प्रचार और कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त जमीनी आवश्यकताओं के आधार पर मैंने तत्काल सड़कों और पुलों की मांग केंद्र सरकार के समक्ष रखी, जिसे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इसके लिए मैं उनका हृदय से धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार "सबका साथ, सबका विकास" की भावना के साथ कार्य कर रही है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट संकल्प है कि विकास की धारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। इन सभी विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम सांसद रूप कुमारी चौधरी की मुख्य आतिथ्य में हुए। सरायपाली के कस्तूराबहाल में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। वहीं बिरकोनी में आयोजित कार्यक्रम में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधीक्षण अभियंता आशीष कुलदीप, प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप





### महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय में मनाया गया गणित दिवस

**महासमुंद।** महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय में शनिवार को 22 दिसंबर गणित दिवस बहुत ही उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम प्राचार्य आरके तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। सर्वप्रथम कक्षा 11वी के गणित के विद्यार्थियों द्वारा बहुत सुंदर गीत प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई गई। जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं एवं सातवीं के छात्रों ने के बीच करवाई गई। जिसके विजेता येलो हाउस की पूर्वी साहू एवं संध्या यादव को कलर पेंसिल सेट पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। कक्षा आठवी एवं नवी के छात्रों के बीच मैथेमेटिक्स की फन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें रेड हाउस से सेजल पंडा एवं हितेश यादव को ज्योमेट्री बॉक्स पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। कक्षा 10वी, 11वी एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें ग्रीन हाउस के ज्योत्सना शर्मा, उन्नति दुबे, मनीष दीवान, और ऋतिका चंद्राकर विजेता बने, जिन्हें पेन सेट पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। निर्णायक की भूमिका में प्राचार्य एवं व्याख्याता मनीषा अग्रवाल एवं गोविंद सिंह ठाकुर रहे।

# नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का प्रथम नगर आगमन पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला साहू संघ महासमुंद के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ढालू राम साहू, उपाध्यक्ष देवेश साहू, चंद्रिका साहू संगठन सचिव राजेश साहू, नेहा साहू के निर्वाचित होने पश्चात जिलाध्यक्ष धरम दास साहू, महासमुंद तहसील अध्यक्ष ललित साहू, भूमिराम साहू तहसील अध्यक्ष सरायपाली, अंगद साहू अध्यक्ष दुलारपाली, नेपाल साहू अध्यक्ष बाराडोली, चूड़ामणि साहू अध्यक्ष सरायपाली, संतोष साहू अध्यक्ष भोरिंग परिक्षेत्र, मिलन साहू अध्यक्ष सुरमाल चार परिक्षेत्र, दुबेलाल साहू सुरमाल एक, लालजी सचिव, रेखू राम साहू उपाध्यक्ष, देवनाथ साहू ऑडिटर, संतराम साहू संगठन सचिव, अजय साहू के साथ प्रथम महासमुंद नगर आगमन पर साहू समाज ने आतिशी स्वागत किया।

सर्वप्रथम घोड़ारी चौक में नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलराम कांत साहू, रवि फरोदिया सभापति जिला पंचायत, जिला उपाध्यक्ष (साहू समाज ) तुलाराम साहू, खल्लारी अध्यक्ष चंदूलाल साहू, राजेश साहू, युगल किशोर साहू, रमेश साहू अध्यक्ष कौड़िया दो, प्रेम साहू संरक्षक, मोती साहू संरक्षक, रूपचंद साहू संगठन सचिव, पवन साहू सरपंच, सतीश साहू उपाध्यक्ष भोरिंग ने



सामाजिक बंधुओं के साथ पुष्पहार पहना कर स्वागत किया। साथ ही नगर साहू समाज महासमुंद की युवा टीम ने भी आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। घोड़ारी से लगभग पच्चीस गाड़ियों के काफिले के साथ नवनिर्वाचित कार्यकारिणी महासमुंद की ओर रवाना हुई। नगर आगमन पर महानदी रेस्टोरेंट के संचालक हेमलता साहू ने अपनी टीम के साथ पुष्पहार एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया।

साहू काफी हाउस के संचालक भाऊ राम साहू ने भी अपनी टीम के साथ पुष्पहार एवं आतिशबाजी कर स्वागत किया। तत्पश्चात नवनिर्वाचित जिला टीम अपनी काफिला के साथ नगर मुख्य चौक नेहरू चौक महासमुंद पहुंचा। जहां साहू समाज के सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ढालू राम साहू एवं कार्यकारिणी का आतिशबाजी कर स्वागत किया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने मंच पर पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिलाध्यक्ष धरमदास साहू, नगर पालिका महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू, नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलराम कांत साहू के साथ सर्वप्रथम माता कर्मा के तैलचित्र पर आरती कर तिलक वंदन किया।

जिला साहू संघ के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का रवि साहू नगर अध्यक्ष, सती साहू अध्यक्ष कर्मा जागृति महिला मंडल, द्रौपदी साहू, सुधा साहू, सावित्री साहू, सरोजनी साहू, माहेश्वरी साहू, ख़ेमिन साहू, भेख लाल साहू, लक्ष्मण साहू, नेहरू साहू, धनराज साहू, पोखराज साहू, उपेन्द्र साहू नगर अध्यक्ष, जितेंद्र साहू, नंद किशोर साहू, युगांश साहू, भाविक सार्वा, संजू साहू, नीलकंठ साहू, राधे साहू, प्रेम साहू,चेतन साहू, सुंदर साहू, सुखदेव साहू, रामशरण साहू, विनोद साहू, हरेंद्र साहू अध्यक्ष शेर परिक्षेत्र, डॉ सुंदर साहू, रिखी राम साहू सरपंच, ईवन साहू, नूतन साहू, गिरीश साहू, मुन्ना साहू, महेंद्र साहू सभापति जनपद पंचायत मचेवा, हितेश साहू, नोहर साहू, राजेंद्र साहू, रिखीराम साहू, चंदन साहू, चैनू राम साहू, तीरथ साहू, रामभरोसा साहू, लेख राज साहू, मोनू साहू, सतीश साहू, रवि साहू, जलेश्वर साहू, शिव साहू, तेजराम साहू,वेद प्रकाश साहू, लोचन साहू, संतोष साहू, रिखी राम साहू, रामसिंह साहू, राजेश साहू, मनोहर साहू, पवन साहू, डॉ देवेंद्र साहू, कपूर चंद साहू, ईश्वर साहू, विकाश साहू, उत्तम साहू, अशोक साहू, टीकम साहू, पवन साहू, दिनेश साहू, भरत साहू, खेमराज साहू, कृष्णा साहू, केवल साहू, पुन्नू लाल साहू, बृजभूषण साहू, डॉ तरुण, डॉ चंद्रजीत साहू, डॉ प्रदीप, मनीष साहू, कोमल साहू,मोहन साहू, गोवर्धन साहू, विनय साहू, गुलशन साहू, पीयूष साहू, डॉ चंद्रजीत, पवन साहू, केशव साहू, होरीलाल साहू, कोमल साहू, दीपक साहू, गुहन साहू, कृष्ण कुमार साहू, हिरेंद्र साहू, कामता साहू, छन्नू साहू, मनोज साहू, देव साहू, आशीष साहू, रत्नेश साहू, दामू साहू, वरुण साहू आदि ने पुष्पहार पहना कर तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

## कार्मल कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव



**बागबाहरा।** कॉर्मल कॉन्वेंट स्कूल में 20 दिसंबर कोवार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं छत्तीसगढ़ राज्यगीत के साथ मुख्य अतिथि नमिता मार्कोले (एसडीएम बागबाहरा) एवं विशिष्ट अतिथि विजय कुमार लहरे (जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बागबाहरा नगर के सभी नागरिक एवं विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर अर्पिता, मैनेजर सिस्टर सेसिल, शिक्षकगण, बड़ी संख्या में अभिभावकगण एवं छात्र, छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ नृत्य, संगीत, नाट्यमंचन एवं मार्च पास्ट का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं सृजनात्मकता का उत्कृष्ट परिचय दिया। समारोह के दौरान शैक्षणिक एवं सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नमिता मार्कोले (एसडीएम बागबाहरा) ने संबोधन में कहा कि समय का अनुशासन ही जीवन को दिशा देता है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि ने अपने उद्बो धन में कहा कि आज आपके वार्षिक समारोह में उपस्थित होकर मुझे अत्यंत प्रसंन्नता हो रही है। आप सभी की प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास यह दर्शाता है कि आप देश का उज्ज्वल भविष्य हैं, आप का विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं अपितु अनुशासन और जीवन मूल्यों की भी शिक्षा देता है। इस आयोजन के सफलता का श्रेय विद्यालय कार्मल कान्वेंट स्कूल की प्राचार्या सिस्टर अर्पिता, मैनेजर सिस्टर सेसिल सभी शिक्षकगण, अशैक्षणिक कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को जाता है। वार्षिक उत्सव का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ।



### बागबाहरा में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**बागबाहरा।** पल्स पोलियो अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने वार्ड नंबर 11 आंगनबाड़ी केंद्र में शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि हर माता-पिता को पल्स पोलियों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। पल्स पोलियो बच्चों के लिए जीवन रक्षक है, इसे अनेक प्रकार की बीमारियां दूर रहती है और बच्चा स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर पार्षद प्रेम साहू, पार्षद रमेश ठाकुर सहित खंड चिकित्सा अधिकारी व स्वास्थ्य अमला मौजूद रहे।



### नवागांवकला में विकासखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में 19 दिसंबर को विकासखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत नवागांव कला में किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरुष वर्ग में कबड्डी, दौड़ एवं गोलाफेंक तथा महिला वर्ग में रस्साकसी, दौड़ एवं गोला फेंक जैसी विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।



### कछारडीह में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**झलप।** कछारडीह में जय जम्हर पाठ क्रिकेट क्लब द्वारा टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश्वर साहू ने किया। दिनेश्वर ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उसके उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी खेल भावना का पालन करें और नशे से दूर रहें।



### कछारडीह में पल्स पोलियो अभियान

**झलप।** राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एनआईडी) पल्स पोलियो अभियान 21 से 23 दिसंबर को मनाया जा रहा है। ग्राम कछारडीह में पल्स पोलियो अभियान के तहत 0-5 उम्र के बच्चों को पोलियो की खुराक 90 बच्चों को दी गई। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत कछारडीह में आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन का सहयोग रहा है। सरपंच दिनेश्वर साहू ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि शासन द्वारा आयोजित टीकाकरण कार्यक्रम में अपना सहयोग दें और अपने बच्चों को टीकाकरण केंद्र में लाए। उल्लेखनीय है कि पिछले बार 2023 में पल्स पोलियो अभियान का आयोजन हुआ था।

# पिथौरा में निकाली गई सतनामी समाज की विशाल सतनाम संदेश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

सतनामी समाज द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष तरूवर कोसरिया के नेतृत्व तथा समाज के धर्मगुरु सोमेश बाबा के आतिथ्य में रविवार को भव्य सतनाम संदेश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा गुरु घासीदास चौक सांकरा से प्रारंभ होकर बाइक एवं कार रैली के रूप में नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पिथौरा नगर में निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए।

शोभायात्रा में पंथी दल एवं अखाड़ा दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सात ध्वजवाहक साधु-संतों के साथ राजमहंत पीएल कोसरिया, ब्लॉक अध्यक्ष तरूवर कोसरिया, पुरुषोत्तम घृतलहरे सहित जिला, ब्लॉक, अठगंवा एवं ग्रामीण स्तर के पदाधिकारियों के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। सतनाम संदेश शोभायात्रा का नेतृत्व कर रहे धर्मगुरु सोमेश बाबा का नगरवासियों एवं विभिन्न समाजों के लोगों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया



गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा घृतलहरे, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे, प्रदेश महासचिव लखन कुर्रे, जिला अध्यक्ष (प्रगतिशील) विजय बंजारे, जिला अध्यक्ष (आईएसएसओ) दौलत रात्रे, जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, नरेंद्र बोरे, सतनामी समाज ब्लॉक उपाध्यक्ष महेंद्र रात्रे, सेतराम खूंटे, कमल रात्रे, ब्लॉक सचिव राजेंद्र मार्कण्डेय, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुकेश कुमार मधुकर, शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सहदेव घृतलहरे, शहर अध्यक्ष सत्यकुमार जोशी, रामेश्वर सोनवानी, संजय कोसरिया, अठगंवा अध्यक्ष रामप्यारा मधुकर, घासी राम मिरी, धरम सिंह बर्मन, धूमधाम कोसरिया, पंचराम बसंत, धनुंजय बंजारे, नंदकुमार सोनवानी, जीवन जेंद्रे, गोपी कोयल, किशोर बघेल, तेजस्वी कोसरिया, रमेश बघेल, छगन बैनर्जी, राजा कोसरिया, छतराम अनंत, लाला निराला, डमरूधर रात्रे, गया रत्नाकर सहित महिला प्रकोष्ठ से मंजू जांगड़े, अनिता प्रेमी, विमला घृतलहरे, साधु-संत, महंत, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर ब्लॉक अध्यक्ष तरूवर कोसरिया ने शोभायात्रा में शामिल सभी समाजजनों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में महिलाओं को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिक्वेंद्र जाटवर ने सखी वन स्टॉप सेंटर में अब तक प्राप्त प्रकरणों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगस्त 2017 से 20 दिसंबर 2025 तक कुल 1265 प्रकरणों पर कार्य किया गया है। वर्तमान में प्रतिमाह औसतन 15 से 20 प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं।

सदस्य वर्मा ने कहा कि बालिकाओं एवं महिलाओं को हर स्थान पर सुरक्षा का एहसास होना चाहिए, इसके लिए अनुकूल वातावरण एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर में आने वाली महिलाओं को समय पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बताया कि हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता, पुलिस सहयोग, मनोवैज्ञानिक परामर्श, चिकित्सकीय सुविधा तथा अस्थायी आश्रय प्रदान किया जाता है। महिलाओं की सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 181 भी संचालित है। निरीक्षण के दौरान सदस्य ने सखी शब्द का वृहद अर्थ समझाते हुए कहा कि यह प्रत्येक जिले में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल है, जहां उनकी समस्याओं का समाधान गोपनीयता के साथ किया जाता है। उन्होंने गांव-गांव में सखी योजना के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि इससे वे महिलाएं, जो कोर्ट या थाना जाने से संकोच करती हैं, सखी केंद्र में आकर निर्भीक होकर सहायता प्राप्त कर सकेंगी। अंत में उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लगन एवं समर्पण भाव से कार्य करने के लिए मार्गदर्शन देते हुए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्थानीय महिला एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## आजीविका संवर्धन कार्यक्रम में वित्तीय प्रबंधन एवं सामाजिक उद्यमिता पर दिया गया विशेष जोर

**महासमुंद।** आजीविका संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत उद्यम से जुड़े युवाओं एवं युवतियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को अपने-अपने व्यवसायों के बेहतर संचालन, स्थायित्व एवं विस्तार हेतु वित्तीय समावेशन के अंतर्गत वित्तीय प्रबंधन प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी वातावरण में केवल मेहनत और कौशल ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आय-व्यय का संतुलन, बचत, निवेश, ऋण प्रबंधन, डिजिटल बैंकिंग, बीमा एवं सरकारी वित्तीय योजनाओं की जानकारी भी उतनी ही आवश्यक है। वित्तीय प्रबंधन का प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनके उद्यम को दीर्घकाल तक सफल बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में आजीविका विषय के प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. सुरेश शुक्ला ने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजीविका केवल आय का साधन नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का माध्यम भी है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि युवा अपने व्यवसाय में सामाजिक भावना, ईमानदारी और सामुदायिक हित को समाहित करें, तो वे न केवल आर्थिक रूप से सशक्त होंगे, बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकेंगे। डॉ. शुक्ला ने यह भी कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ा उद्यम अधिक विश्वास अर्जित करता है, जिससे बाजार में उसकी स्वीकार्यता और स्थिरता बढ़ती है। उन्होंने युवाओं को नवाचार, स्थानीय संसाधनों के उपयोग और समूह आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने वित्तीय प्रबंधन प्रशिक्षण से जुड़ने तथा अपने उद्यम को सामाजिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 30 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक महासमुंद अध्याय द्वारा जीवन दायिनी वृक्ष विषय पर स्कूली बच्चों के लिए स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में आगामी 30 दिसंबर मंगलवार को राष्ट्रीय पोस्टर निर्माण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह आयोजन विरासत, शिक्षा एवं संचार सेवायें प्रभाग इंटैक नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं अरविंद मिश्र संयोजक छत्तीसगढ़ राज्य अध्याय के मार्गदर्शन में होगा।

महासमुंद अध्याय के संयोजक दाऊलाल चंद्राकर ने इस आयोजन के उद्देश्य के बारे में बताया कि इस आयोजन के माध्यम से हम बच्चों को, जो हमारे राष्ट्र के भविष्य के प्रतीक हैं, शिक्षा, अन्वेषण और सराहना की भावना को बढ़ावा देने के हमारे वैश्विक मिशन से जोड़ना चाहते हैं। इसके लिए नगर स्थित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों को इस महत्वपूर्ण पहल में स्कूली बच्चों को शामिल करने का आग्रह किया है। सह संयोजक बंधु राजेश्वर खरे ने बताया कि ढाई से 3 घंटे की यह प्रतियोगिता सुबह साढ़े 10 बजे आरंभ होगी। जिसमें आमंत्रित प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 7वीं से कक्षा 9वीं तक के अधिकतम 10 विद्यार्थियों को एक प्रभारी शिक्षक अथवा शिक्षिका के साथ आमंत्रित किया गया है। चित्रकला के लिए डेढ़ घंटे, निबंध लेखन के लिए आधा घंटे और अतिथि वक्ता सत्र आधे घंटे का होगा।




पोस्टर में अपने क्षेत्र में पाए जाने वाले किसी एक स्वदेशी वृक्ष, झाड़ी आदि को दर्शाना होगा, जिसमें उसकी विशिष्ट विशेषताएं जैसे पत्तियां, छाल, फूल या फल, साथ ही वृक्ष पर और उसके आसपास पाये जाने वाले जीव-जंतु, पक्षी, कीड़े, आदि को रोचक शैली में एक उपयुक्त नारा के साथ ए-3 आकार के पेपर सीट पर चित्रित करना होगा। पोस्टर के साथ ए-4 आकार के रुल्ड पेपर में 2 सौ शब्दों का निबंध लेख प्रस्तुत करना होगा। जिसमें वृक्ष का विवरण, उसके उपयोग, लाभ और संरक्षण के उपाय शामिल हों। लेख और नारा हिन्दी, अंग्रेजी अथवा किसी प्रमुख क्षेत्रीय भाषा में हो सकता है। लेखन और चित्रण के लिए पेपर व आर्ट सीट इंटैक चैप्टर द्वारा प्रदान किये जाएंगे। प्रतिभागी विद्यार्थियों को अपने साथ सभी कला सामग्री जैसे पेन, पेंसिल, रंग, कोलाज सामग्री आदि स्वयं लानी होगी। पोस्टर और 2 सौ शब्दों का निबंध लेख आयोजन स्थल पर ही तैयार करना होगा। यह एक व्यक्तिगत प्रतियोगिता है, समूह प्रविष्टियां या बिना लेख के प्रविष्टियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली स्थित केंद्रीय मुख्यालय में होगा। जिसमें 100 क्षेत्रीय विजेता और 10 राष्ट्रीय विजेता चुने जाएंगे। राष्ट्रीय विजेता एक शैक्षिक यात्रा पर जाएंगे। सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय विजेताओं को पुरस्कार और ट्राफी प्रदान की जाएंगी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागी बच्चों को एक प्रभारी शिक्षक या शिक्षिका के साथ 10 बजे प्रतियोगिता आयोजन स्थल पर पहुंचना होगा।

## खबर संक्षेप



### बुजुर्ग महिला का किया अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** शहर के दलदली मार्ग स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में रह रहीं बुजुर्ग महिला जानकी बाई यादव पति स्व. रूपलाल का जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान देहावसान हो गया, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने किया। जिसमें राजू चंद्राकर, डा. जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, सुरेश साहू, संतोष साहू, एजाज नकवी, संजय साहू, मनोज पटेल, गुमान जैन आदि मौजूद रहे।



### राष्ट्रीय हिंदू बहिनी संगठन की हुई बैठक

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा में राष्ट्रीय हिंदू बहिनी संगठन की बैठक हुई। जिसमें मोहनी शर्मा प्रदेश महामंत्री महिला प्रकोष्ठ, मंजू लता शर्मा जिला मंत्री, सुरेखा शर्मा मीडिया प्रभारी, बबली तारक सदस्य, प्रतिभा यदु प्रवक्ता, प्राची चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### खरोरा में मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार ने कहा कि गुरु घासीदास के सिद्धांत मुख्य रूप से मनखे-मनखे एक समान पर आधारित हैं, जो सामाजिक समानता, सत्य, अहिंसा और अंधविश्वास से मुक्ति का संदेश देते हैं, जिसमें उनके सप्त सिद्धांत (सात सिद्धांत) प्रमुख से शामिल हैं।

## आयोजन: ग्राम सपोस में गूंजा 'मनखे-मनखे एक समान' का जयघोष

# बाबा के बताए मार्ग पर चलकर ही विकसित समाज की परिकल्पना संभव : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

ग्राम सपोस में बाबा गुरु घासीदास की जयंती

■ बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने की प्रदेश की खुशहाली की कामना, सतनामी समाज ने किया भव्य स्वागत

हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम स्थल पर पहुँचते ही सतनामी समाज के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ विधायक महोदय का आत्मीय और भव्य स्वागत किया।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सबसे पहले बाबा गुरु घासीदास की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया। इसके पश्चात उन्होंने पवित्र जैतखंभ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और श्रद्धापूर्वक सफेद ध्वज (पालो) चढ़ाया। विधायक अग्रवाल ने कहा कि यह पर्व केवल एक



उत्सव नहीं, बल्कि मानवता, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प है। बाबा गुरु घासीदास ने 'मनखे-मनखे एक समान' का जो अमर संदेश दिया, वह आज के समय में भी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मिलाप निराला, ग्राम पंचायत सपोस सरपंच किशोर बघेल, उपसरपंच हरिचरण प्रधान, राजमहंत पीएल कोसरिया, प्रदेश महासचिव लखन कुर्रे, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, ग्राम गौंटिया अश्विनी विशाल, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष नरोत्तम साहू, पूर्व उपसरपंच संतोष सिंह ठाकुर, सेवानिवृत्त शिक्षक मोतीराम ध्रुव, प्रधान पाठक रविशंकर बंजारा, सतनामी समाज ब्लॉक अध्यक्ष तरुवर कोसरिया, शिक्षक छगन बनर्जी, शिक्षक कमल रात्रे, पुनीतराम टंडन, सतनामी समाज लोहराकोटा अध्यक्ष योगेश टंडन, सतनामी समाज मीडिया प्रभारी लोकनाथ खूंटे, सतनामी समाज लोहराकोट उपाध्यक्ष गया प्रसाद रत्नाकर, भाजपा युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी विकास बघेल, राजा कोसारिया महंत एवं समाजसेवी अभय धृतलहरे, भंडारी छबि कोसरिया, समाजसेवी पुरूषोत्तम कोसरिया, पंथी पार्टी के कलाकार, अखाड़ा दल भंडारपुरी के कलाकार, अखाड़ा हरदी, शिक्षक जीवन लाल दाता, समाजसेवी हेमंत मिरी, समाजसेवी लिलेश्वर कोसरिया, जीवन लाल बारीक, विजय प्रभाकर, सतनामी समाज के प्रमुख व्यक्ति, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## तुमगांव में शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड क्रमांक 4 में 22 दिसंबर से



शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक कमलेश प्रसाद दुबे कांपा होंगे। कथा प्रसंग 22 दिसंबर को कलश यात्रा, वेदी पूजन, शिव महात्मा, 23 को शिवलिंग उत्तपत्ति एवम सृष्टि निमार्ण, त्रिवेदी वर्णन कथा, 24 को सती चरित्र, सती देहत्याग, शिव पार्वती कथा, 25 को शिव पार्वती विवाह, गणेश कार्तिकेय तथा गृहस्थ धर्म कथा, 26 को गुननिधि कथा, त्रिपुर सुंदर वर्णन, 27 को गजासुर, भस्मासुर वध की कथा, 28 नंदी अवतार, हनुमान जन्म, चढ़ौत्री एवम शोभायात्रा, 29 को रुद्राभिषेक, हवन पूर्णाहुति एवम महाप्रसादी वितरण होगा। प्रतिदिन प्रातः 10 बजे रुद्राभिषेक के बाद कथा दोपहर 1 बजे से संध्या तक चलेगा रहेगा। आयोजक सुरेश शर्मा ने सभी भक्तों को कथा श्रवण में उपस्थि होने की अपील की हैं।

# 25 वर्ष बाद बागबाहरा महाविद्यालय बना सेक्टर स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत

■ सोहित, होमसागर, साहिल, सत्यम का राज्य स्तरीय के लिए चयन

मिनी स्टेडियम में बागबाहरा और बलौदा बाजार के बीच सेक्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। बागबाहरा ने बलौदा बाजार को 95 रन से मात देकर 25 वर्ष बाद चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। बलौदाबाजार ने टॉस जीतकर, बागबाहरा को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। बागबाहरा की तरफ से ओपनर सत्यम 41, कप्तान सोहित 39 और साहिल के तेज रफ्तार 62 रन की मदद से 220 रन बनाएं। लक्ष्य का बचाव करते हुए बागबाहरा की टीम ने शानदार शुरूआत करते हुए



पावरप्ले में ही बलौदा बाजार के चार बल्लेबाज को वापस भेज दिया। जिससे बलौदा बाजार की टीम संभल ही नहीं पाई और निरंतर विकेट का पतन जारी रहा। अंत में बागबाहरा ने यह मैच 95 रन जीत लिया।

साहिल कुमार यादव के 26 गेंद पर 62 रन एवं 2 विकेट के कारण मैन ऑफ द मैच एवं पूरे प्रतियोगिता में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए शानदार खेल का प्रदर्शन करने वाले बागबाहरा के कप्तान सोहित तिवारी को मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। 25 वर्ष बाद बागबाहरा क्रिकेट टीम को चैंपियन बनने पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रश्मि मिंज ने ख़ुशी जाहिर करते हुए सभी खिलाड़ियों को आगे के प्रतियोगिता के लिए प्रेरित किया। क्रीड़ाधिकारी पालन कुमार दीवान, गजानंद बुडेक सहायक प्राध्यापक एवं पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी उज्वल राजपूत, सतीश शुक्ला का टीम को चैंपियन बनाने में विशेष योगदान रहा।



### पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**महासमुंद।** पुराना सरकारी अस्पताल परिसर में पार्षद धनेंद्र विक्की चंद्राकर ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की।



### परसुली में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई पोलिया की दवा

**नर्रा।** रविवार को ग्राम पंचायत भवन परसुली परिसर में शून्य से पां वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियो दवा पिलाई गई। इसका शुभरांभ सरपंच जलसिंह चक्रधारी ने पोलियो ड्रॉप बच्चे को पिलाकर किया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि देवेंद्र चक्रधारी, परमेश्वर पटेल,पुरन पटेल, मितानिन एसन पटेल, देवकी पटेल, कलावती चक्रधारी, आरएचओ पदमन साव आदि मौजूद रहे।



### खरोरा में बच्चों को पिलाई गई दवा

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा के आंगनबाड़ी केंद्र में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो दवा पिलाई गई। इस अवसर पर सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, जीतू मानिकपुरी, महेंद्र सूर्यवंशी, मनु चंद्राकर, संतोषी पटेला, हीराबाई चंद्राकर, लता चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर आद मौजूद रहे।



### शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पिलाई जा रही पोलियो की खुराक

**नर्रा।** पूरे भारत वर्ष में 21 दिसंबर को पोलियो दिवस के रूप में मनाया गया। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बढ़ई, खंड कार्यक्रम प्रबंधकक हेमकुमार सोनकर, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी एम चौधरी के मार्गदर्शन में ब्लॉक बागबाहरा में भी पल्स पोलियो दिवस मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा के प्रभारी डिगेंद्र परमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 21, 22, 23 तीन दिनों तक चलाई जाएगी। प्रथम दिवस 21 दिसंबर को बूथ स्तर पर बच्चों को दवाई पिलाई गई है। 22 व 23 दिसंबर द्वितीय एवं तृतीय दिवस छूटे हुए बच्चों को दल कर्मी द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिसका मुख्य उद्देश्य यह है कि एक भी बच्चा पोलियो की दवा से वंछित ना रह जाए।

# एजेंसियों के दुरुपयोग पर दिल्ली कोर्ट सख्त: अंकित

■ नेशनल हेरॉल्ड केस को सुनने लायक भी नहीं समझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा विगत दिनों जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग मामले में भाजपा कार्यालय घेराव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। अंकित ने बताया कि दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने केंद्र की भाजपा सरकार की जांच एजेंसी ईडी द्वारा दुर्भावना पूर्ण लगाए गए 2000 करोड़ के धन शोधन और अवैध संपत्ति के मामले को जबकि नेशनल हेराल्ड अखबार की कुल संपत्ति ही 364 करोड़ रुपए के आसपास की है को चलने योग्य केस नहीं मानये हुए सुनने से इनकार कर दिया।

अंकित ने बताया ये द्वेष प्रेरित बिना अधिकार क्षेत्र के केंद्र की सत्ता के दबाव में लगाया गया इल्जाम था, जिसकी हवा निकल गयी। अंकित ने बताया कि इसमें सबसे बड़ी बात ये है कि ये केस जून 2021 में ईडी द्वारा दर्ज किया गया। जबकि, इसकी शिकायत 2014 से भाजपा के सांसद सुब्रमण्य स्वामी करते आये थे, जिसके जवाब में 2014 से 2021 के बीच की अपनी फाइलों में ईडी और सीबीआई दोनों ने लिखा था कि इसमें प्रेडिकेट ऑफेंस नहीं बनता है और तो और इसमें किसी प्रकार के अवैध पैसे का मूवमेंट नहीं हुआ है और ना ही अचल संपत्तियों का स्थानांतरण हुआ है तो फिर भ्रष्टाचार हुआ कहां। अंकित ने कहा कि जो भी मजबूत विपक्षीय नेता भाजपा में शामिल नहीं हो जाता उस पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर उसे परेशान किया जाएगा। फिर चाहे असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा, अजीत पवार हो, ज्योतिरादित्य सिंधिया महाराष्ट्र की सरकार के अधिकतर मंत्री हों और कई केंद्रीय मंत्री ईडी सीबीआई के सताए जाते है और भाजपा में जाने के बाद सारी जांच बंद हो जाती है। अंकित बागबाहरा जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित भाजपा कार्यालय घेराव में केवल यादव, सुरेश पटेल, इंद्रा चौहान, ज्योतिष पटेल सहित शामिल हुए।

# सड़कों का जाल, बसना विधायक के प्रयासों से 24.74 करोड़ रुपए की लागत से 16 सड़कों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और ग्रामीण कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल को एक बड़ी सफलता मिली है। निरंतर प्रयासों और क्षेत्र की मांग को प्राथमिकता देते हुए, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बसना विधानसभा की 16 प्रमुख सड़कों के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति मिली है।

विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सुशासन और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि 16 सड़क परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 24.74 करोड़ रुपये (2474.184 लाख) है। इन कार्यों के माध्यम से कुल 34.47 किलोमीटर लंबी सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। योजना के तहत पिथौरा और बसना ब्लॉक के कई महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों को शामिल किया गया है। पिथौरा ब्लॉक में सांकरा देवसराल रोड से सानटेमरी (4 किमी), सांकरा झगरेनडीह रोड से देवलगढ़ (1.6 किमी), एनएच-53 से बिंजराभाटा (1.2 किमी) सुखीपाली रोड से मरारडीपा शांतिनगर (2.6 किमी),कटंगतराई-छोटेलोरम रोड से लालमाटी टिकरापारा (2.4 किमी), परधिया सरायपाली ठेलकोदादर रोड से पंडरीपानी (2.4 किमी) सहित कई महत्वपूर्ण मार्ग शामिल हैं।



बसना ब्लॉक में सबसे लंबी सड़क चोरभट्टी से मुड़पहार है, जिसकी कुल लंबाई 3.25 किमी, केरामुंडा से कुदारीबाहरा टुकड़ा नया (2.85 किमी), पदमपुर रोड नानकसागर से अखराभांटा (2.15 किमी), गढ़पटनी से सुरंगीपाली (2.1 किमी), छोटेपटनी से सोनामुंदी (2.4 किमी), जमदरहा डोंगरीपाली रोड से झारउडेला (1.79 किमी), बंसुलीडीह से सुखापाली (1.73 किमी), इंदरपुर रोड (कुरचुंडी) से केहरपुर (1.5 किमी), एनएच-53 से भठोरी (1.5 किमी), एनएच 53 भंवरपुर रोड से जलकोट (1.0 किमी), चोरभट्टी से मुडपहार (3.25 किमी), जैसे प्रमुख मार्ग अब डामरीकृत सड़कों से जुड़ेंगे।

# मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत 10 सड़कों, 2 वृहद पुल एवं 1 सड़क नवीनीकरण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना वर्ष 2025-26 के तहत महासमुंद जिले में कुल 10 सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य कुल लंबाई 2.971 किलोमीटर, इसके अलावा 2 वृहद पुल निर्माण एवं 1 बीटी सड़क नवीनीकरण कार्य का ग्राम बिरकोनी में विधिवत भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं सरायपाली विधायक चातुरी नंद के द्वारा किया गया।

प्रस्तावित 10 सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य में ग्राम चारभाठा में स्कूल से महादेव घर तक, ग्राम गोहेरापाली में हॉस्पिटल से टिकेश लाल घर तक, ग्राम भुथिया में कांजी हाउस से जोगेश्वर प्रधान के घर तक, ग्राम चारभाठा में मंच से मुख्य मार्ग की ओर, इसके अलावा ग्राम जोगनीपाली, ग्राम धुमाभाठा, ग्राम अरेकेल, ग्राम पेंड्रावन, ग्राम छुईहा, ग्राम



बिरकोनी में सीसी रोड सह नाली निर्माण शामिल है। इसी तरह वृहद पुल निर्माण कार्य में ग्राम केरामुंडा से पथरी सड़क के आरडी 2750 मीटर पर 63.57 मीटर लंबाई का उच्च स्तरीय पुल एवं ग्राम धवराभाठा से कुरूभांठा सड़क के आरडी 2390 मीटर पर 121.46 मीटर लंबाई का उच्च स्तरीय वृहद पुल निर्माण किया जाएगा। सड़क नवीनीकरण कार्य में ग्राम बकमा से कसेकेरा मार्ग बीटी नवीनीकरण लंबाई 13.52 किमी, लागत 282.42 लाख शामिल है। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि सड़कें विकास की रीढ़ होती हैं। सड़क बनने से आवागमन सुगम होता है, व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच बढ़ती है और ग्रामीण विकास को नई गति मिलती है। कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं चातुरी नंद ने अपने अपने विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बीर कोनी के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता आशीष कुलदीप उपस्थित रहे।

## पुलिस आरक्षक भर्ती में भारी भ्रष्टाचार के आरोप, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही भाजपा: अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 23-24 की लिखित परीक्षा दिलवाए और शारीरिक टेस्ट दिलवाए बागबाहरा विकासखंड के बच्चों बोधन नायक, पंकज साहू, कुलेश्वर, मुकेश दीवान, चेतक कुमार, किशन कुमार, लुकेश्वर दीवान आदि ने बताया कि वर्तमान परीक्षा के परिणाम में व्यापक रूप से धांधली हुई है। सबसे बड़ी बात इस परीक्षा में पारदर्शिता की कमी रही, परीक्षा लेने, आरक्षण अधिनियम कैसे लागू होगा, शारीरिक परीक्षा के रिजल्ट में किसी प्रकार से छात्रों को भरोसे में नहीं लिया गया। परिणाम निकलने आपत्ति का हल्ला होते ही सुधार कर लिस्ट फिर से जारी करना जैसे कई मामले आये हैं। अंकित ने बताया कि उपरोक्त परीक्षार्थियों ने सप्रमाण बातें बताते हुए बताया कि नारायणपुर में 34 लोगों का पंजीयन आईडी एक ही दिखाया गया। राजनांदगांव में कम अंक पाए का



चयन हो गया और अधिक अंक पाए लोग प्रतीक्षा सूची में है। बालोद की मोनिका के दो वर्गों की वेटिंग सूची में शारीरिक दक्षता के अंक अलग अलग हैं जो भ्रष्टाचार की सत्यता बताने पर्याप्त हैं। कम अंक 139 पाए नदीम का सिलेक्शन हो गया। जबकि, 152 अंक पाए युवक वेटिंग में है, जिससे वे काफी आक्रोशित है। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा भर्ती नियम 2007 और 2013 का पालन ही नहीं किया गया है। ऐसा बताया गया कि जिस हैदराबाद की कंपनी को राजनांदगांव प्रकरण में गलत फिजिकल के कारण ब्लैक लिस्ट किया गया, पुनः उसी को टेंडर को दिया गया। छात्रों का आरोप है कि पूरी परीक्षा में सबसे ज्यादा धांधली शारीरिक परीक्षा में किया गया है, उसके अलग-अलग लंबी कूद, ऊंची कूद, 100 मीटर, 800 मीटर का अंक नहीं बताया, जैसे वन विभाग भर्ती परीक्षा में अलग-अलग अंक बताया है। एक चयनित किरण कुमार मांझी का सिर्फ 27 अंक लिखित में पाने के बावजूद चयन हो गया। जबकि 63 अंक वाला व्यक्ति आज भी प्रतीक्षा सूची में है तो क्या उसे शारीरिक परीक्षा में 100 में से 100 अंक मिल गए है। जैसे अनगिनत समस्यायों को लेकर एसडीएम को अंकित बागबाहरा के नेतृत्व में राज्यपाल के लिए ज्ञापन सौंप परीक्षा को निरस्त करने की मांग की है और उच्च स्तरीय जांच की मांग भी सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से की है।



### भोरिंग में महतारी सदन के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

**महासमुंद।** शनिवार को ग्राम भोरिंग में महतारी सदन का भूमिपूजन कार्यक्रम महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में अन्य अतिथियों ने विधि विधान से पूजन किया और कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा नेता गोविंद ठाकुर, राजू साहू, तारेंद्र यादव, शशिकांत साहू, सरपंच लीला लोकेश्वर साहू, उपसरपंच भेखराम साहू, सावित्री साहू, हेमिन साहू, खोरबाहरा साहू, प्रीतम साहू, चमरू साहू, जनकू साहू, ओसराम ढीढी, डॉ. तुलसी राम साहू, डॉ. लेखराम साहू, यशवंत साहू, मनोज साहू, शिशुपाल बर्मन, गिरवर साहू, लोकनाथ साहू, हीराराम साहू, सुरेश साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।